पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
———————

प्राइवेट संस्थान कोविड वैक्सीनेशन जागरूकता कार्यक्रम चलायें

——————

सी0एस0आर0 फंड का उपयोग ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में हो– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

5 महिला जेलों को मिली मेनुअल सेनेटरी नैपकिन वैंडिंग एवं डिस्पोजल मशीन

———————

लखनऊ : 9 मई, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि प्राइवेट संस्थानों को अपने सी0एस0आर फंड का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, MSME एवं ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये किया जाना चाहिये। ये विचार राज्यपाल ने वोडाफोन आइडिया फाउण्डेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअली सम्बोधन में व्यक्त किये।

राज्यपाल जी ने बताया कि वोडाफोन आइडिया फाउण्डेशन द्वारा प्रदेश के पांच जिलों बनारस, गोरखपुर, लखनऊ मुरादाबाद तथा उन्नाव की महिला जेलों में उपयोगार्थ 05 मेनुअल सेनेटरी नैपकिन वैंडिंग मशीन तथा 05 सेनेटरी नैपकिन डिस्पोजल मशीन उपलब्ध करायी गयी है। जिन्हे संबंधित महिला जेलों को उपलब्ध करा दिया गया है इससे उन जेलों में सजा काट रही महिलाओं को सुविधा होगी।

वोडाफोन आइडिया फाउडेंशन के निदेशक श्री पी0 बालाजी ने बताया कि हमारा संस्थान 27 करोड़ ग्राहकों को संचार सुविधाएं दे रहा है। कोरोना काल में Work From Home में डाटा की अधिक जरूरत होती है। अतः हमारे नेटवर्क वारियर्स रिश्क लेते हुये अधिकाधिक डाटा को पहुचांने के लिये कार्य कर रहे हैं। श्री

बालाजी ने बताया कि हमारा संस्थान सी0एस0आर0 फंड का उपयोग करते हुए जिज्ञासा कार्यक्रम के माध्यम से गुरूशाला पोर्टल से शिक्षकों को जोड़ने का कार्य कर रहा है ताकि बच्चों को आनलाइन शिक्षा दी जा सके। इसके साथ ही आर्थिक शिक्षा, स्कालरशिप कार्यक्रम तथा वैक्सीनेशन जागरूकता कार्यक्रम भी संस्थान द्वारा चलाये जा रहे हैं।

इस अवसर पर कार्पोरेट अफेयर एक्सपर्ट श्री हसन याकूब आनलाइन जुड़े हुए थे।

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (219/6)